भंगिया पी गए भोलेनाथ

पी गए पी गए भोलेनाथ देखो सारी भंगिया,
सारी भंगिया पी गए सारी भंगिया,
पी गए पी गए भोलेनाथ देखो सारी भंगिया........

गौरा पीसे दिन और रात भंगिया पी गए भोलेनाथ,
बजा के डमरू नाच रहे हैं झूम रहा कैलाश,
पी गए पी गए भोलेनाथ देखो सारी भंगिया........

कोई बजावे ढोल तंदूरा कोई बजाए झांझ मंजीरा,
सारे नशे में चूर भांग के नाचे दे दे ताल,
पी गए पी गए भोलेनाथ देखो सारी भंगिया........

माथे का चंदा मुस्काए गंगा जमुना ताली बजाए,
शोभा इनकी वर्णी ना जाए, जोगी करे कमाल,
पी गए पी गए भोलेनाथ देखो सारी भंगिया........

ब्रह्मा नाचे विष्णु नाचे नाचे भोलेनाथ,
वीणा बजा के नारद नाचे, नाच रहा कैलाश,
पी गए पी गए भोलेनाथ देखो सारी भंगिया........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32922/title/bhangiya-pee-gaye-bholenath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |